# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**
**दिनांक 10.12.2024**

- **थाना शिवली क्षेत्रान्तर्गत हुई हत्या कर देने की घटना को अंजाम देने वाले 04 नफर अभियुक्तगण को थाना शिवली पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तगण की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 02 अदद लकड़ी के डण्डे बरामद बरामद किये गये।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे तथा वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना शिवली पर वादी के द्वारा उसके पुत्र की हत्या की लिखित सूचना दी गयी जिसके आधार पर थाना शिवली पर दिनांक 07.12.2024 को मु0अ0सं0 367/2024 धारा 103(1)/238क बी0एन0एस0 बनाम 1. ओमकार पुत्र नन्हू 2. संतोष पुत्र मूलचन्द्र, 3. अनिल पुत्र रामकुमार, 4.विजय पुत्र गुलाब सिंह निवासीगण ग्राम पकरा थाना शिवली जनपद कानपुर देहात पंजीकृत कराया गया था। आज दिनांक 10.12.2024 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना शिवली पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित नामजद अभियुक्त 1. अशोक कुमार उर्फ ओमकार पुत्र राजकुमार उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम पकरा थाना शिवली जनपद कानपुर देहात को बैरी तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्त से पूछताछ एवं साक्ष्य संकलन से 1. प्रीती पत्नी अशोक कुमार उर्फ ओमकार उम्र करीब 28 वर्ष, 2. रजोली पत्नी वीरेन्द्र नि0 उम्र करीब 21 वर्ष, 3. वीरेन्द्र पुत्र नन्हे उर्फ राजकुमार निवासी ग्राम पकरा थाना शिवली जनपद कानपुर देहात की मुकदमा उपरोक्त की घटना में संलिप्तता पाये जाने पर नाम प्रकाश में लाया गया एवं प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. प्रीती पत्नी अशोक कुमार उर्फ ओमकार उम्र करीब 28 वर्ष 2. रजोली पत्नी वीरेन्द्र नि उम्र करीब 21 वर्ष 3. वीरेन्द्र पुत्र नन्हे उर्फ राजकुमार निवासी ग्राम पकरा थाना शिवली जनपद कानपुर देहात को मुखविर की सूचना पर आज दिनांक 10.12.2024 को समय 07.30 बजे मैथा नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया एवं अभियुक्त अशोक कुमार उर्फ ओमकार पुत्र राजकुमार की निशादेही पर अभियुक्तगण के घर के पीछे खाली जगह पर लगी पयार की ढेर से घटना में प्रयुक्त 02 अदद आलाकत्ल लकड़ी के डण्डे बरामद किये गये। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**पूछताछ-** अशोक कुमार उपरोक्त द्वारा पूछताछ में बताया कि दिनांक 06.12.2024 पडोस के गांव टोसवा दिलावरपुर थाना चौबेपुर का सतेन्द्र उर्फ कन्हैया ने मेरी पत्नी प्रीती के साथ अभद्र व्यवहार किया तथा गाली-गलौच करते हुए भाग गया था, जिसकी सूचना मुझे हुई तो मैंने उसको गाँव में ढूढ़ा लेकिन वह नही मिला फिर समय करीब 11.30 बजे कन्हैया उपरोक्त शराब के नशे में झूमता हुआ मेरे घर के बरामदे में आ गया और गाली गलौज करने लगा और मेरी पत्नी से अपशब्द कहे जिस पर मैने उसको पकड कर बरामदे में गिरा दिया जब वह गिर गया तो पास पड़े डण्डों से हम लोगों ने उसको काफी मारा जिससे वह तड़पने लगा और छुड़ाकर अपने गांव की तरफ जाने वाली कच्चे रास्ते की

ओर भागने लगा तब हमने उसको फिर से दौड़ाकर उसी कच्चे रास्ते पर गिरा कर मारा जिससे वह सन्न सा पड़ गया और हिलना डुलना बंद कर दिया यह देखकर हम लोग डर गये और उसको उठाकर हम लोगों ने अपने घर के पीछे रामजीवन के गेहूँ के खेत के पास जाकर फेंक दिया और वापस घर आये। फिर हम लोग गांव से भाग गये थे। तब से खेतों में लुक छुपकर रह रहे थे आज मैं छिपकर अपने वकील से बात करने माती जा रहा था कि आप लोगों ने पकड़ लिया। अन्य अभियुक्तों के बारे में पूछा गया तो बताया कि साहब मेरा भाई वीरेन्द्र व मेरी पत्नी प्रीती व देवरानी रजोली अलग छिप कर रह रहे हैं उन सब के फोन बंद हैं मुझे जानकारी नही वह लोग कहाँ पर हैं मैने उनको आज माती में मिलने हेतु बुलाया था।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –**

1. अशोक कुमार उर्फ ओमकार पुत्र नन्हू उर्फ राजकुमार निवासी ग्राम पकरा थाना शिवली जनपद कानपुर देहात उम्र 32 वर्ष
2. प्रीती पत्नी अशोक कुमार उर्फ ओमकार उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम पकरा थाना शिवली जनपद कानपुर देहात
3. रजोली पत्नी वीरेन्द्र नि उम्र करीब 21 वर्ष ग्राम पकरा थाना शिवली जनपद कानपुर देहात
4. वीरेन्द्र पुत्र नन्हे उर्फ राजकुमार निवासी ग्राम पकरा थाना शिवली जनपद कानपुर देहात

**बरामदगी-**

1. घटना में प्रयुक्त दो अदद आलाकत्ल डण्डे ।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 मु0अ0सं0 367/2024 धारा 103(1)/238-क बी0एन0एस0 थाना शिवली जनपद कानपुर देहात।

**गिरफ्तार करने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-**

1. प्र0नि0 श्री हरमीत सिंह
2. उ0नि0 श्री सुरेन्द्र सिंह
3. म0उ0नि0 चन्द्र कुमार
4. का0 865 शिवम वर्मा
5. का0 1083 प्रेमशंकर
6. का0 877 सत्यवीर
7. हे0का0 233 संजय
8. का0 608 मुकेश कुमार
9. का0 578 धीरेन्द्र
10. म0का0 304 कल्पना